झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची

मॉडल प्रश्न पत्र सत्र 2022- 23

कक्षा -10 वस्तुनिष्ठ प्रश्न

विषय- हिंदी 'बी' पूर्णांक – 40 समय : 01 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:-

• सभी इस प्रश्न पत्र में चार खंड है|

•सभी प्रश्न अनिवार्य है|

•प्रश्नों की कुल संख्या 40 है |

•सभी प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है |

• प्रश्नों के चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से सही विकल्प का चयन करें गलत उत्तर के लिए कोई भी अंक नहीं काटे जाएंगे|

**खंड ( क) अपठित गद्यांश एवं पद्यांश 1-10**

प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं सही विकल्प का चयन करें-

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं| दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधा उत्पन्न करके बड़प्पन बटोर ना चाहते हैं लेकिन एक ना एक दिन उनकी कलई खुल जाती है| उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं |किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता इतने ही परिश्रम से यदि वह अच्छे कार्य करें तो वह भी अच्छे आदमी बन सकते हैं| सम्मान पा सकते हैं परंतु वह अपनी आदत से मजबूर हैं उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुखचैन नष्ट करता है| अपने मन को बीमार करता है, मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है|

सही विकल्प छाँटिए-

प्रश्न( 1) - दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोर ना चाहते हैं?

(क) अच्छे काम करके

(ख) दूसरों की प्रशंसा करके

(ग) दूसरों के काम में बाधाएं उत्पन्न करके

(घ) दूसरों के काम में सहयोग करके|

प्रश्न (2) - दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता|

(क) बुरा काम करना

(ख) किसी की प्रशंसा सुनना

(ग) संगीत सुनना

(घ) किसी के घर जाना

प्रश्न(3)- दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते क्योंकि,……| (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए)

(क) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है| (ख) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं|

(ग) वह किसी का साथ नहीं देते हैं

(घ) वह सब को सम्मान देते हैं

प्रश्न(4) - मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?

(क)समाज की

(ख) परिवार की

(ग) राज्य की

(घ) शरीर की

प्रश्न(5) - 'कलाई खुलना' मुहावरे का अर्थ है

(क) कलाई उतरना

(ख)असलियत का पता चलना

(ग)भेद प्रकट ना करना

(घ)चमकना

प्रश्न -प्रस्तुत काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन करें-

संकटों से वीर घबराते नहीं,
आपदाएं देख छिप जाते नहीं|
लग गए जिस काम में पूरा किया,
काम करके व्यर्थ पछताते नहीं |
हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता,
कर्मवीर उनको ना इससे वास्ता|
बढ़ चले तो अंत तक ही बढ़ चले,
कठिनतर गिरी शृंग ऊपर चढ़ चले |
कठिन पंत को देख मुस्काते सदा,
संकटों के बीच में गाते सदा|
है असंभव कुछ नहीं उनके लिए,
सरल संभव कर दिखाते सदा|
यह संभव कायरों का शब्द है,
कहा था नेपोलियन ने 1 दिन|
सच बताऊं जिंदगी ही व्यर्थ है ,
दर्द बिन ,उत्साह बिन और शक्ति बिन|

प्रश्न (6) - संकटों से कौन घबराते नहीं?

(क) कायर

(ख) डरपोक

(ग) वीर

(घ) भीरु

प्रश्न(7) - कठिन पंत को देखकर कौन सदा मुस्कुराते है?

(क) कर्मवीर

(ख) हीरो

(ग) डरपोक

(घ) कायर

प्रश्न(8) - 'असंभव' किसका शब्द है?

(क)वीरों का

(ख)कायरों का

(ग) कर्मवीरों का

(घ) महावीरों का

प्रश्न(9)- 'गिरीशृंग' शब्द का अर्थ है-

(क)मातृभूमि

(ख)उच्चतम पर्वत श्रेणी

(ग)कर्मवीर

(घ)चट्टान

प्रश्न(10) - 'कर्मवीर' शब्द में प्रयुक्त समास है-

(क) कर्मधारय

(ख) द्वंद्व

(ग) तत्पुरुष

(घ) द्विगु

**खंड (ख) व्यावहारिक व्याकरण ( 11-24)**

सही विकल्प का चयन करें-

प्रश्न (11) - 'विज्ञान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(क) विज्ञ

(ख) ज्ञान

(ग)वि

(घ)अन

प्रश्न(12) - 'भुलक्कड़ 'में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

(क) भूल

(ख) अकड़

(ग)अक्कड़

(घ) लककड़

प्रश्न(13)- 'रामायण' का संधि-विच्छेद क्या होगा?

(क) राम +आयन

(ख) राम+अयन

(ग) राम+यन

(घ) रमा+आयन

प्रश्न(14) - 'निरोग' में कौनसी संधि है?

(क)विसर्ग संधि

(ख)स्वर संधि

(ग)व्यंजन संधि

(घ) गुण संधि

प्रश्न(15) संस्कृत के ऐसे शब्द जिन्हें हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, …….शब्द कहलाते हैं|

(क) तत्सम

(ख) तद्भव

(ग) देशज

(घ) विदेशज

प्रश्न(16) - 'श्री गणेश' का विलोम शब्द है-

(क) श्री राधा

(ख) विनाश

(ग) इतिश्री

(घ) श्रीराम

प्रश्न(17) - अस्थि का तद्भव शब्द होगा-

(क) हड्डी

(ख) अस्सी

(ग)अथ

(घ) हस्ती

प्रश्न(18) - आनंद का पर्यायवाची शब्द है

(क) सहका

(ख)प्रिया

(ग) प्रमोद

(घ) प्रमोद

प्रश्न(19) - सूर्य का पर्यायवाची नहीं है?

(क) प्रभाकर

(ख) निशाकर

(ग) दिनकर

(घ) दिनेश

प्रश्न(20) - "जो सब कुछ जानता है" के लिए एक शब्द-

(क) अज्ञ

(ख)सर्वज्ञ

(ग) विशेषज्ञ

(घ) कृतज्ञ

प्रश्न(21) - "दीपक जला और अंधेरा नष्ट हुआ" किस प्रकार का वाक्य है?

(क) संयुक्त वाक्य

(ख) सरल वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य

(घ) संकेतवाचक

प्रश्न(22) - निम्न में से संयुक्त वाक्य को छांटे-

(क) यहां जो नल है वह खराब है|

(ख)राधा सेव और केला खाती है|

(ग)राधा सेब खाती है और केला खाती है|

(घ)राधा सेब खाती है|

प्रश्न(23) '.......... '! क्या छक्का मारा है?

(क) वाह

(ख)अरे

(ग) ओह

(घ) नहीं

प्रश्न(24)- "आशु रोते- रोते सो गई "रेखांकित पदबंध है-

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) क्रिया पदबंध

(घ) सभी

खंड-( ग) पठित गद्यांश एवं काव्यांश 25-30

प्रश्न -निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन करें-

आज ना तँतारा है ना वामीरों, परंतु उनकी यह प्रेम कथा घर-घर में सुनाई जाती है और निकोबारीयों का मानना है कि तँतारा की तलवार से कार निकोबार के जो दो टुकड़े हुए उसमें दूसरा भाग लिटिल अंडमान है जो कार निकोबार से 96 किलोमीटर दूर स्थित है | निकोबारी लोग इस घटना के बाद दूसरे गांव में भी आपसी वैवाहिक संबंध बनाने लगे |तँतारा वामीरो की बलिदानी मृत्यु शायद इसी सुखद परिवर्तन के लिए थी|

प्रश्न(25)- लीलाधर मंडलोई द्वारा रचित पाठ का नाम क्या है?

(क) गिरगिट

(ख) बड़े भाई साहब

(ग)तँतारा वामीरो कथा

(घ) कारतूस

प्रश्न (26)- तँतारा की तलवार से कार निकोबार के कितने टुकड़े हुए?

(क) चार

(ख) दो

(ग) तीन

(घ) टुकड़े टुकड़े हो गए

प्रश्न(27) - तँतारा वामीरो की मृत्यु के बाद निकोबार में क्या परिवर्तन आया ?

(क) निकोबारी दूसरे गांव में भी वैवाहिक संबंध बनाने लगे

(ख) निकोबारीयों में आपसी दुश्मनी बढ़ गई

(ग)कार निकोबार के टुकड़े- टुकड़े हो गए

(घ) यह घटना इतिहास बन गई

प्रश्न- निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन करें-

पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेश,<br>
मेंखलाकार पर्वत अपार |<br>
अपने सशस्त्र दृग सुमन फाड़ ,<br>
अवलोक रहा है बार-बार |<br>
नीचे जल में निज महाकार,<br>
जिसके चरणों में पला ताल ,<br>
दर्पण सा फैला है विशाल|

प्रश्न(28) - प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से ली गई है?

(क) मधुर मधुर मेरे दीपक जल

(ख)पर्वत प्रदेश में पावस

(ग)आत्मत्राण

(घ) मनुष्यता

प्रश्न(29) - इस कविता में किस ऋतु का वर्णन किया गया है? (क) जाड़ा

(ख) गर्मी

(ग)वर्षा

(घ)पतझड़

प्रश्न(30)-' सहस्त्र दृग- सुमन' से कवि का क्या आशय है?

(क) लाखों पुष्प रूपी आंखें

(ख)हजारों पुष्पों रुपी आंखें

(ग) हजारों आंखें

(घ) पर्वत की आंखें

खंड (घ) पाठ्यपुस्तक 31-40

प्रश्न(31) - बड़े भाई साहब लेखक से कितनी कक्षा आगे थे? (क) दो कक्षा

(ख) 3 कक्षा

(ग) 4 कक्षा

(घ) 7 कक्षा

प्रश्न(32) - लेखक की माँ सूरज ढलने पर क्या करने को मना करती थी ?

(क) खाना खाने को

(ख)बाहर जाने को

(ग) पेड़ से पत्ते तोड़ने को

(घ) बाहर खड़े होने को

प्रश्न(33)- शुद्ध आदर्शों की तुलना किससे की गई है?

(क) गिन्नी के साथ

(ख) तांबे के साथ

(ग) शुद्ध सोने के साथ

(घ) सोने के साथ

प्रश्न(34) टोपी की किस बात पर घर में बवाल खड़ा हो गया? (क) नवी कक्षा में फेल होने पर

(ख) माताजी को अम्मी बुलाने पर

(ग)दोस्तों के साथ खेलने पर

(घ) रोने पर

प्रश्न(35) - महंत ने हरिहर काका की किस परिस्थिति का लाभ उठाया?

(क) परिवारिक मजबूरी का

(ख) गरीबी का

(ग) पारिवारिक नाराजगी का

(घ)अकेले होने का

प्रश्न(36) - कबीर दास ने अपने पहले पद में परमात्मा को कहाँ- कहाँ देखा?

(क) मंदिर में

(क) मस्जिद में

(ग) सृष्टि के कण-कण में

(घ) गुरुद्वारे में

प्रश्न(37)- मीराबाई किसकी चाकर बनना चाहती है?

(क) राजा की

(ख) प्रहलाद की

(ग) कृष्ण की

(घ) विष्णु जी की

प्रश्न(38)- छाया भी कब छाया ढूंढने लगती है ?

(क) जेठ की दोपहर की तीखी गर्मी में

(ख) दोपहर में

(ग) संध्या में

(घ) रात में

प्रश्न(39)- कंपनी बाग में रखी तोप को वर्ष में दो बार किन अवसरों पर चमकाया जाता है?

(क) 2 अक्टूबर और 19 नवंबर

(ख) 26 जनवरी और 15 अगस्त

(ग) 13 अक्टूबर और 14 नवंबर

(घ) 8 सितंबर और 14 नवंबर

प्रश्न(40)- उसीनर ने कबूतर को कैसे बचाया था ?

(क)दवा लगाकर

(ख) दवा खिलाकर

(ग) पानी पिलाकर

(घ) अपना मांस दे कर

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची

मॉडल प्रश्न पत्र सत्र 2022- 23

कक्षा -10

विषय- हिंदी 'बी'

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर

—-------------------------

1-ग- दूसरों के काम में बाधाएं उत्पन्न करके |

2-ख- किसी की प्रशंसा सुनना |

3-क- मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है |

4-घ- शरीर की

5-ख- असलियत का पता चलना

6-ग- वीर

7-क- कर्मवीर

8-ख- कायरों का

9-ख- उच्चतम पर्वत श्रेणी

10-ग- तत्पुरुष समास

11-ग- वि

12-ग- अक्कड़

13-ख- राम + आयन

14-क- विसर्ग संधि

15- क- तत्सम

16-ग- इतिश्री

17-क - हड्डी

18-घ- प्रमोद

19-ख- निशाकर

20-ख- सर्वज्ञ

21-क- संयुक्त वाक्य

22-ग- राधा सेब खाती है और केला खाती है |

23-क - वाह

24- क- संज्ञा पदबंध

25-ग- तँतारा वामीरो कथा

26-ख- दो

27-क- निकोबारी दूसरे गावों में भी वैवाहिक संबंध बनाने लगे |

28-ख- पर्वत प्रदेश में पावस

29- ग- वर्षा

30- क - लाखों पुष्पों की आॅंखें

31-ख- 3 कक्षा

32- ग- पेड़ से पत्ते तोड़ने को

33-ग- शुद्ध सोने के साथ

34-ख- माताजी को अम्मी बुलाने पर

35-ग- परिवारिक नाराजगी का

36-ग- सृष्टि के कण-कण में

37-ग- कृष्ण की

38-क- जेठ की दोपहर की तीखी गर्मी में

39-ख- 26 जनवरी और 15 अगस्त

40-घ- अपना मांस देकर

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची

मॉडल प्रश्नपत्र सत्र 2022 23

(विषयनिष्ठ)

कक्षा -10 विषय- हिंदी बी समय -01 घंटा 30 मिनट पूर्णांक- 40

सामान्य निर्देश-:

•इस प्रश्न पत्र में 3 खंड( अ, ब, स) है|

• परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा शैली में उत्तर दें|

• सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक सामने उपांकित है|

• प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए गए निर्देशों के आलोक में ही लिखें|

**खंड अ ( अपठित गद्यांश) 2×5=10**

दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-

बहुत पुरानी बात है ,किसी राज्य में यज्ञ हेतु राजा एक जानवर की बलि चढ़ाने जा रहा था ,उसी समय वहां से भगवान गौतम बुद्ध गुजरे, राजा को ऐसा करता देख उन्होंने राजा से कहा - ठहरो वत्स ! यह क्या कर रहे हो? इस बेजुबान की बलि क्यों चढ़ा रहे हो? राजा ने कहा- "हे महात्मा इस की बलि चढ़ाने से मुझे बहुत पुण्य प्राप्त होगा, और यह हमारी प्रथा भी है ",यह सुनकर बुद्ध ने कहा -"राजन! यदि ऐसी बात है तो मुझे भेज चढ़ा दो ,तुम्हें और ज्यादा पुण्य मिलेगा जानवर के मुकाबले एक मनुष्य की बलि से तुम्हारे भगवान ज्यादा खुश होंगे "यह सुनकर राजा थोड़ा डरा ,क्योंकि जानवर की बलि चढ़ाने में कोई भय नहीं था जानवर की बलि चढ़ाने पर उस बेजुबान की तरफ से बोलने वाला कोई होगा ,ऐसा राजा ने सोचा ना था ,मगर बुध की बलि चढ़ाने के बात से ही राजा कां‍ँप गया ,उसने कहा- अरे नहीं महात्मन! आप ऐसी बात ना करें इस बारे में तो मैं सोच भी नहीं सकता !जानवर की बात अलग है ऐसा तो सदियों से होता आया है फिर इसमें किसी का नुकसान तो नहीं है जानवर का फायदा ही है वह सीधा स्वर्ग चला जाएगा| बुध

बोले -यह तो बहुत ही अच्छा है ,मैं स्वर्ग की तलाश कर रहा हूं| तुम मुझे बलि चढ़ा दो और मुझे स्वर्ग भेज दो अथवा तुम ऐसा क्यों नहीं करते कि तुम अपने माता- पिता को ही स्वर्ग भेज दो और खुद को ही क्यों रुके हुए हो जब स्वर्ग जाने की इतनी सरल और सुगम तरकीब मिल गई है तो फिर काट लो अपनी गर्दन! इस बेचारे जानवर को क्यों स्वर्ग भेज रहे हो ?शायद यह जाना भी ना चाहता हो |जानवर को स्वयं ही निश्चित करने दो कि उसे कहा जाना है राजा के सामने अपने तर्क की पोल खुल चुकी थी |वह महात्मा बुध के चरणों में गिर पड़ा और क्षमा मांगते हुए बोला है महात्मा आपने मेरी आंखों पर पड़े अज्ञान के पर्दे को हटाकर जो मेरा उपकार किया है उसे मैं जिंदगी भर नहीं भूल सकता|

दिए गए प्रश्नों में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर दें

प्रश्न(1) - राजा क्या करने जा रहा था?

प्रश्न(2) - बुद्ध ने राजा से क्या कहा?

प्रश्न(3) - बलि के विषय में राजा ने बुध को क्या तर्क दिए?

प्रश्न (4) - बुध को किसकी तलाश थी एवं उन्होंने स्वयं की बलि चढ़ाने के लिए क्यों कहा?

प्रश्न (5) - बुध ने किस-किस को स्वर्ग भेजने की बात राजा से कही?

प्रश्न(6) - निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द अनुच्छेद से छांट कर लिखिए

1- अज्ञान ………………..2-पाप… … … … .

प्रश्न(7) - निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द अनुच्छेद से छांट कर लिखिए

1- हानी………………2-पशु… … … .. …

**खंड-ब( पाठ्य पुस्तक) 3×5=15**

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 5 प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में लिखें:-

प्रश्न(1) - बड़े भाई साहब की स्वभाव की विशेषताएं बताए|

प्रश्न(2) - वजीर अली एक जांबाज सिपाही था स्पष्ट करें?

प्रश्न(3) - 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

प्रश्न(4) - 'तोप 'शीर्षक कविता से आपको कंपनी बाग में रखें 'तोप' के विषय में क्या जानकारी मिलती है?

प्रश्न(5) - 'कैफी आज़मी' द्वारा रचित "कर चले हम फिदा" गीत का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखिए|

प्रश्न(6) - हरिहर काका को जबरन उठा ले जाने वाले लोग कौन थे ,उन्होंने उसके साथ कैसा बर्ताव किया?

प्रश्न(7) - हेड मास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया?

**खंड- स ( रचना लेखन) 5×3=15**

प्रश्न(1) - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अधिकतम 250 शब्दों में निबंध लिखें |

क- मेरे जीवन का लक्ष्य

ख- मेरा झारखंड

ग- भारतीय कृषक

प्रश्न(2) - छात्रावास में स्थान पाने हेतु प्रधानाचार्य के पास आवेदन पत्र लिखें|

**अथवा**

अपने मित्रों के साथ वनभोज पर जाने के लिए अनुमति मांगने हेतु पिता के पास एक पत्र लिखें |

प्रश्न(3) - हर्बल शैंपू की बिक्री हेतु एक विज्ञापन प्रस्तुत करें

**अथवा**

वार्षिक परीक्षा की तैयारी की चर्चा करते हुए 2 छात्रों के बीच संवाद लेखन करें

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची

मॉडल प्रश्नपत्र सत्र 2022 23

(विषयनिष्ठ)

कक्षा -10 विषय- हिंदी ए पूर्णांक- 40 समय : 01 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश-:

• परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा शैली में उत्तर दें|

• सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक सामने उपांकित है|

• प्रश्नों के उत्तर उसके साथ दिए गए निर्देशों के आलोक में ही लिखें|

**खण्ड-क(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)**

निम्नलिखित गद्यांश से सात प्रश्न पूछें गए है किन्ही पांच के उत्तर दें:-2×5=10

प्रकृति पर्व सरहुल वसंत ऋतु में मनाए जाने वाला जनजातियों का प्रमुख पर्व है। पतझड़ में पेड़ों की पुरानी पत्तियां गिर जाती है। टहनियों पर नई पत्तियों के साथ वसंत ऋतु का आगमन होता है। इसी मौसम में सरहुल का पर्व मनाया जाता है। सरहुल पर्व की शुरुआत चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीय से होती है। इस पर्व में साल के पेड़ों पर खिलने वाले फूलों का विशेष महत्व है। मुख्यतः यह पर्व 4 दिनों तक मनाया जाता है।

सरहुल पर्व के पहले दिन मछली के अभिषेक किए हुए जल को घर में छिड़का जाता है। दूसरे दिन उपवास रखा जाता है तथा गांव का पुजारी जिसे पहान के नाम से जाना जाता है, हर घर की छत पर साल के फूल को रखता है । तीसरे दिन पहन द्वारा उपवास रखा जाता है तथा सरना अर्थात पूजा स्थल पर सरई के फूलों की पूजा की जाती है। पूजा स्थान में बलि चढ़ाई गई मुर्गी तथा चावल को मिश्रित कर खिचड़ी अर्थात 'लेटे' पकाई जाती है जिसे सरना देवी पर चढ़ाने के उपरांत सभी ग्राम वासियों को प्रसाद के रूप में वितरित कर दिया जाता है। चौथे दिन 'गिड़िवा' नामक स्थान पर सरहुल फूल का विसर्जन किया जाता है ।

1•प्रकृति पर्व सरहुल कब एवं किनके द्वारा मनाया जाता है?

2•सरहुल पर्व की शुरुआत किस माह से होती है और वह कितने दिनों तक चलती है?

3•सरहुल पर्व के पहले दिन क्या होता है?

4•पहान क्या करते हैं?

5•सरहुल के पूजा स्थल पर किन फूलों से पूजा होती है?

6•लेटे कैसे बनता है ?

7•सरहुल फूलों का विसर्जन किस स्थान पर कब किया जाता है?

**खण्ड-ख**

**पाठ्यपुस्तक (लघु उत्तरीय प्रश्न)**

निम्नलिखित सात प्रश्नों में से किन्ही पांच के उत्तर 150 शब्दों में दे:-3×5=15

8•गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

9•संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा किन किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं?

10•जॉर्ज पंचम की नाक को पुनः लगाने के लिए मूर्तिकार ने क्या-क्या यत्न किए?

11•'अट नहीं रही है'कविता में कवि ने प्रकृति की व्यापकता का वर्णन किन रूपों में किया है ?

12•फादर बुल्के को 'यज्ञ की पवित्र आग' की तरह कहने का क्या आशय है?

13•पान वाले का रेखा चित्र प्रस्तुत कीजिए।

14•चश्मे वाले को देख कर हालदार साहब चक्कर में क्यों पड़ गए थे?

**खण्ड-ग (रचना- व्याकरण)**

15•दिए गए संकेत बिंदु के आधार पर निम्नलिखित मे से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में एक निबंध लिखिए:- 1×5=5

•हमारा झारखंड

संकेत बिंदु:-परिचय, इतिहास, सीमा, निवासी एवं साधन, उपसंहार।

•समय अमूल्य धन है

संकेत बिंदु:-भूमिका, समय की महत्ता, लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक, निष्कर्ष।

•खेल कूद का महत्व

संकेत बिंदु:-खेलों का महत्व, खेल और चरित्र, खेल भावना का विकास।

16•मलेरिया से बचाव हेतु जिले के स्वास्थ्य अधिकारी को एक अनुरोध पत्र लिखिए।,1×5=5

अथवा

समय के सदुपयोग और परिश्रम के माध्यम से बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

17•प्रसिद्ध हर्बल साबुन उत्पाद की बिक्री हेतु लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।1×5=5

अथवा

अपने पुराने मकान को बेचने संबंधी विज्ञापन का उल्लेख 50 शब्दों में तैयार कीजिए ।

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची

मॉडल प्रश्न पत्र

सत्र 2022 -23

विषय- हिंदी-अ बहुवैकल्पिक- प्रश्न

कक्षा -10 पूर्णांक-40

समय : 01 घंटा 30 मिनट

सभी इस प्रश्न पत्र में चार खंड है|

•सभी प्रश्न अनिवार्य है|

•प्रश्नों की कुल संख्या 40 है |

•सभी प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है |

• प्रश्नों के चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से सही विकल्प का चयन करें गलत उत्तर के लिए कोई भी अंक नहीं काटे जाएंगे|

खंड -क

अपठित गद्यांश एवं काव्यांश

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-1x5=5

घड़ी की टिक -टिक हमसे कुछ कहती है उसकी निरंतर सरकती हुई सुइयां कह रही हैं-समय जा रहा है, कुछ कर लो, कुछ कर लो, जो क्षण एक बार चला गया, वह कभी लौट कर नहीं आता।

एक बार एक व्यक्ति ने महात्मा गांधी से पूछा "जीवन में ऊंचा उठने के लिए किसी को सबसे पहले क्या करना चाहिए शिक्षा ,शक्ति या धन- संग्रह"?

गांधी जी ने उत्तर दिया, यह वस्तुएं जीवन में उठने में सहायक अवश्य होती हैं, किंतु मेरे विचार से एक वस्तु का सबसे अधिक महत्व है , और वह है-समय की परख। प्रत्येक कार्य का निर्धारित समय होता है, उसे करने या न करने का। यदि आपने समय को परखने की कला सीख ली है, तू पुणे आपको किसी प्रसन्नता या सफलता की खोज में दर-दर भटकने की आवश्यकता नहीं, वह स्वयं आकर आपका द्वार खटखटाएगी।

हमें समय का मूल्य समझना चाहिए साथ ही, समय के अनुसार काम करना चाहिए। जीवन की यही कुंजी है। जो लोग निरंतर असफल होते हैं। वह प्रायः प्रतिकूल परिस्थितियों को बुरा भला करने लगते हैं। वस्तुतः बड़ी असफलता का कारण दुर्भाग्य नहीं होता, अपितु समय को गलत समझने की भूल होती है। यूनान के सबसे बड़े दार्शनिक अरस्तू ने इसे और भी अधिक स्पष्ट करते हुए कहा है,"प्रत्येक व्यक्ति को उचित समय पर, उचित व्यक्ति से उचित मात्रा में, उचित उद्देश्य के लिए, उचित ढंग से व्यवहार करना चाहिए!"

वस्तुतः एक एक्शन से प्रत्येक व्यक्ति का संबंध रहता है, किंतु व्यक्ति उसके महत्व को नहीं समझता। अधिकतर व्यक्ति सोचते हैं कि कोई अच्छा समय आएगा, तो काम करेंगे। इसी उधेड़बुन में वे वह जीवन के अमूल्य जनों

को खो देते हैं। वे दिनों, मासूम और वर्षों को किसी शुभ क्षण की प्रतीक्षा में बिता देते हैं, बिना हाथ-पांव हिलाए संसार की बहुत बड़ी संपत्ति छप्पर फाड़ कर उसके हाथ लग जाए। वास्तव में पुरुष जिस समय चाहे शुभ क्षण बन सकता है आवश्यकता है श्रम की और समय की परख की।

•सही विकल्प को चुनें:-

1•घड़ी की निरंतर सरकती हुई सुइयां से क्या कहती हैं?

A•कुछ आराम कर लो.  B•घूम लो

C•नाच लो।  D•कुछ कर लो

2•गांधी जी ने किस वस्तु का अधिक महत्व बताया है?

A•शिक्षा का।  B•शक्ति का।  C•समय की परख का  D•धन संग्रह का

3•जीवन की कुंजी क्या है?

A•प्रतिकूल परिस्थितियों को बुरा भला कहना

B• असफलता को दुर्भाग्य समझना

C•समय को गलत समझना

D•समय का मूल्य समझ कर काम करना।

4•अधिकतर व्यक्ति जीवन के अमूल्य क्षण किस प्रकार खो देते हैं ?

A•उधेड़बुन में।  B•ऊंचा उठने में।  C•द्वार खटखटाने में  D•इनमें से कोई नहीं

काव्यांश

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-

कुछ भी बन, बस कायर मत बन!
ठोकर मार, पटक माथा,
तेरी राह रोकते पाहन।
कुछ भी बन, बस कायर मत बन!
ले-देकर जीना, क्या जीना?
कब तक गम के आंसू पीना?
मानवता ने सींचा तुझको
बहा युगो तक खून पसीना!
कुछ ना करेगा? क्या करेगा-
रे मनुष्य-बस कातर क्रंदन?
कुछ भी बन, बस कायर मत बन!
'युद्धम देहि' कहे जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेर कर!

या तो जीत प्रीति के बल पर
यार तेरा पथ चुमे तरकस!

निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प को चुने:-

5•कवि के अनुसार किस प्रकार का जीवन व्यर्थ है?

A•मेहनत करके जीवन जीना। B•खून पसीना लगाकर मेहनत करना

C•अपने प्रेम से संसार के युद्ध जीतना

D•कायर बनके चुपचाप रहना

6•"रे मनुष्य बस कातर क्रंदन" का आशय होगा -

A•गम के आंसू पीना B•खून पसीना बहाना

C•दुख से रोना। D•इनमें से कोई नहीं

7•कवि मनुष्य से क्या कहना चाहते हैं?

A•दुख का रोना रोता रहे B•विपरीत परिस्थितियों को देखकर डर जाए

C•बस चुपचाप अपनी जिंदगी जिए

D•मनुष्य कायर बन कर ना रहे।

8•'पथ चूमे तरकस' का अर्थ है-

A•पथ में कांटे हैं B•पथ मे फूल हैं

C•पथ में तारे हैं D•इनमें से कोई नहीं

खंड-ख व्यवहारिक- व्याकरण

निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें-

9•जिस वाक्य में कर्ता क्रिया और कर्म उपस्थित हो वहां कौन सी क्रिया होती है?

A•अकर्मक क्रिया B•सकर्मक क्रिया

C•प्रेरणार्थक क्रिया D•सार्थक क्रिया

10•कौन सा वाक्य अकर्मक क्रिया का उदाहरण है?

A•गीता पत्र लिखती है B•बंदर नाचता है

C•रमेश पुस्तक पढ़ता है D•रोहित ने गीत गाया।

11•'मैंने संदेश भिजवाया' क्रिया के भेद का नाम बताइए?

A•अकर्मक क्रिया B•सकर्मक क्रिया

C•द्विकर्मक क्रिया D•प्रेरणार्थक क्रिया।

12•'दादी बच्चों को कहानी सुनाती है' इनमें से क्रियापद कौन है?

A•दादी B•कहानी C•बच्चों को D•सुनाती है

13•'पिताजी के द्वारा अखबार पढ़ा गया' वाक्य का कौन सा भेद है?

A•कर्तृ वाच्य B•कर्मवाच्य C•भाव वाच्य। D•इनमें से कोई नहीं

14•कर्तृ वाच्य वाक्यों में कर्ता के कार्य की______होती है ।

A•प्रधानता B•निरस्ता C•सरलता D•इनमे कोई नहीं

15•गर्मियों में खूब आम खाया जाता है?

A•कर्मवाच्य B•भावाच्य C•कर्तृवाच्य D•इनमें से कोई नहीं

16• 'यथाशक्ति' कौन सा समास है?

A•अव्ययीभाव समास B•कर्मधारय समास

C•तत् पुरुष समास। D•द्वंद समास

17•दो या दो से अधिक पदों के मेल को क्या कहते हैं?

A•संधि B•समास C•उपसर्ग D•प्रत्यय

18•जलज का अनेकार्थी नहीं है-

A•कमल B•मोती C•मछली D•बादल

19•समुच्चयबोधक अव्यय के दो प्रमुख भेद कौन-कौन से हैं?

A•क्रिया विशेषण और विशेषण

B•सरल और संयुक्त

C•समानाधिकरण और व्याधि करण

D•विस्मयादिबोधक और कारक

20•विद्यार्थी अध्ययन______सफल नहीं हो सकते। रिक्त स्थान में उचित अव्यय होगा-

A•के बिना B•निकट C•कब D•और

21•मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और शेष कौन सा उपवाक्य होता है?

A•सरल उपवाक्य B•आश्रित उपवाक्य

C•संयुक्त वाक्य D• मिश्र वाक्य

## खण्ड-ग पठित गद्यांश

प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए-

बालगोबिन भगत मंझोले कद के गोरे चिट्टे आदमी थे। साठ के ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे, लंबी दाढ़ी या जटा जूट तो नहीं सखते थे किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किए रहता । कपड़े बिल्कुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीरपंथीयों की सी कनपटी टोपी। जब जाड़ा आता एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन, जो नाक के एक छोर से ही औरतों के पीके की तरह शुरू होता गले में तुलसी की जड़ों की एक बेड और माला बांधे रहते।

22•बालगोबिन भगत का कद कैसा था?

A•नाटा B•मंझोला C•लंबा D•छोटा

23•बालगोबिन भगत गले में कैसी माला बांधे रहते थे?

A•गुलाब के फूल की B•चमेली के फूल की

C•सोने की D•तुलसी की

अमीरुद्दीन का जन्म डुमराव, बिहार के एक संगीत प्रेमी परिवार में हुआ है। पांच 6 वर्ष डुमराव में बिताकर वह नाना के घर, ननिहाल काशी में आ गया है। डुमराव का इतिहास में कोई स्थान बनता हो ऐसा कहीं नहीं लगा कभी फिर भी यह जरूर है कि शहनाई और डुमराव एक दूसरे के लिए उपयोगी हैं।

24•अमीरुद्दीन का जन्म कहां हुआ?

A•काशी में B•डुमराव में C•ननिहाल में D•इनमें से कहीं नहीं

25•कौन-कौन एक दूसरे के लिए उपयोगी हैं?

A•डुमराव और बिहार। B•काशी और डुमराव

C•शहनाई और डुमराव। D•अमीरुद्दीन और बिहार

पठित काव्यांश

प्रस्तुत काव्यांश को पढ़कर सही उत्तर का चयन करें:-

तुम्हारी यह दंतुरित मुस्कान
धन्य तुम, मां भी तुम्हारी धन्य!
चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!
अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उंगलिया मां की कराती रही हैं मधुपर्क

26•प्रस्तुत काव्यांश के कवि कौन है:-

A•सूर्यकांत त्रिपाठी निराला B•जयशंकर प्रसाद

C•नागार्जुन D•महादेवी वर्मा

27•दंतुरित का क्या अर्थ है?

A•बिना दांत के B•लंबे -लंबे दांत

C•टेढ़े -मेढ़े दांत D•नए नए दांत

'बालकु बोलि बधौ नहि तोहि'

28•उपरोक्त काव्य की पंक्ति के रचियता कवि का नाम है:-

A•तुलसीदास B•कबीरदास C•सूरदास D•देव

29•उपरोक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है:-

A•यमक B• अनुप्रास C•श्लेष D•इनमे से कोई नही

खंड -घ पाठ्यपुस्तक

निम्न लिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें:-

30• कृष्ण का संदेश सुनकर गोपियों के स्थिति कैसी हो गई ?

A• मिलन की आस जगी B• विरह  की आग जगी

C• खुशी की आस जगी  C• प्रेम की आस जगी

31• उत्साह कविता किन अर्थों और इशारा करती है:-

A• जीवन के संहार और विध्वंस की ओर

B• ललित कल्पना ,क्रांति चेतना के साथ नवनिर्माण नव संचार की ओर

C• जीवन में निराशा और हताशा की ओर

D• पूंजीपति और व्यापारियों के ओर

32• मुख्य गायब की आवाज कैसी थी?

A•हल्की-फुल्की B• चट्टान जैसी भारी

C• लड़की जैसी  D• तीनके जैसी कमजोर

33• धुंधला प्रकाश किसका प्रतीक है?

A• कम रोशनी B• अंधेरा C• अस्पष्ट सुख D•अशाति

34• मृग तृष्णा का अर्थ है:-

A• मृग की प्यास B• मृग की दौड़

C• छलावा        D• दिखावा

35• पाठ माता का आंचल में 'मरदुए' शब्द किसने किस के लिए प्रयोग किया?

A• लेखक ने अपने पिता के लिए

B• लेखक की माता ने लेखक के पिता के लिए

C• लेखक की माता ने लेखक के लिए

D• इनमें से किसी ने किसी के लिए नहीं

36• मूर्तिकार ने अंत में मूर्ति के नाक के लिए क्या सुझाव दिया था?

A• नकली नाक लगा दीजिए

B• मोहल्ले वालों की नाक लगा दी जाए

C• जिंदा नाक लगा दी जाए

D• पुरानी नाक लगा दी जाय

37• साना -साना हाथ जोडि प्रार्थना लेखिका ने किस देश की युवती से सीखी थी?

A• वर्मा की B• श्रीलंका की C• नेपाल की D• चीन की

38• कैप्टन कौन था?

A• अवकाश प्राप्त सैनिक        B• आजाद हिंद फौज का सिपाही

C• चश्मा बेचने वाला

D• नगर पालिका का सदस्य

39• लेखक ने खीरा खाने से क्यों इंकार कर दिया था?

A• खाने की इच्छा नहीं थी

B• आत्मसम्मान की रक्षा के लिए

C• घमंडी होने के कारण

D• दूसरों की चीज खाना पसंद नहीं था

40• फादर कामिल बुल्के हिंदी को किस रुप में देखना चाहते थे?

A• एक बोली के रूप में B• सामान्य भाषा के रुप में

C• राष्ट्रभाषा के रुप में D• अंतराष्ट्रीय भाषा के रुप में

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची

सत्र 2022 -23

विषय- हिंदी-अ बहुवैकल्पिक- प्रश्न

उत्तर पत्रक

1 •D 2 •C 3•D. 4• A 5• D 6•C 7•D 8 •A 9•B 10•B 11•D 12•D 13•B 14•A 15•B 16•A 17• B 18•D 19•C 20•A 21•B 22•B 23•D 24•B 25•C 26• C 27•D

28•A 29•B 30•B 31• B 32 •B 33• C 34•C 35• B 36• C 37•c 38•C 39•B 40•C